सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति–2**

**राजभवन देहरादून 14 अगस्त, 2024**

चारधाम यात्रा के सुगम एवं प्रभावी प्रबंधन हेतु आईटीडीए द्वारा तैयार किए गए ''चारधाम डैशबोर्ड'' का प्रस्तुतीकरण निदेशक आईटीडीए नितिका खंडेलवाल ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष दिया। इस डैशबोर्ड का निर्माण विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय स्थापित कर राज्य में चारधाम यात्रा के सफल संचालन यथा तीर्थयात्रियों का पंजीकरण, स्क्रीनिंग, यात्रा मार्ग की स्थिति, आवासीय एवं मूलभूत आवश्यकताओं की बेहतर सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं को यथासमय यात्रियों को उपलब्ध कराने संबंधी विभिन्न पहलुओं के सुदृढ़ीकरण हेतु किया गया है। राज्यपाल द्वारा पूर्व में सम्पूर्ण यात्रा का डिजिटली अनुश्रवण किए जाने हेतु चारधाम डैशबोर्ड निर्माण करने के निर्देश निदेशक, आईटीडीए को दिए गए थे। उक्त के अनुपालन में उनके द्वारा रियल टाइम मॉनिटरिंग चारधाम डैशबोर्ड को तैयार किया गया है। निदेशक द्वारा इस डैशबोर्ड के संबंध में पूर्व में राज्यपाल को दिए गए प्रस्तुतीकरण से वर्तमान तक के अद्यतन प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया।

राज्यपाल ने निदेशक आईटीडीए और उनकी पूरी टीम को इस डैशबोर्ड को तैयार करने के लिए बधाई एवं उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी और डिजिटलीकरण के माध्यम से जिस प्रकार यात्रा से जुड़े विभागों को इसमें एकीकृत किया गया है इससे भविष्य में यात्रा को और बेहतर संचालन हेतु योजना बनाने में आसानी होगी और यात्रियों को भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह डैशबोर्ड निर्णय–निर्माताओं को यात्रा के प्रभावी प्रबंधन व संचालन करने में मदद करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि आईटीडीए द्वारा विभिन्न विभागों हेतु तैयार किए जा रहे डैशबोर्ड के माध्यम से कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाना सराहनीय है। इससे विभागो में जवाबदेही की भावना और उनकी कार्य कुशलता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमें टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके एक नई कार्य संस्कृति प्रारंभ करनी होगी जो वर्तमान समय की मांग भी है। उन्होंने कहा डैशबोर्ड कल्चर के माध्यम से विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित होगा तथा उनके अलगाव में कार्य करने की प्रवृत्ति खत्म होगी। गौरतलब है कि आईटीडीए द्वारा सीएम डैशबोर्ड, आपदा प्रबंधन डैशबोर्ड और चारधाम डैशबोर्ड तैयार किया जा रहा है।

इस अवसर सचिव नितेश झा, सचिव रविनाथ रामन सहित आईटीडीए के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

............0..........